प्रेस नोट दिनाँक 01.04.2021

(1). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अंकित मित्तल के निर्देशन में इनामिया अपराधी एवं गैंग की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन क्लीन के क्रम में यूपी एसटीएफ के उ0नि0 श्री अमित कुमार तिवारी एवं जनपदीय स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक श्री श्रवण कुमार सिंह तथा उनकी टीमों के संयुक्त ऑपरेशन में गौरी गैंग से हुयी पुलिस मुठभेड़ में ₹25000 का इनामिया अपराधी भालचंद्र यादव पुत्र रामऔतार यादव निवासी पड़वनिया थाना नयागांव जनपद सतना (मध्य प्रदेश) को गोली लगने से मृत्यु हो गयी जिसके कब्जे से एक अदद 315 बोर रायफल व 21 जिन्दा व खोखा कारतूस बरामद हुये।

दिनाँक 31.03.2021 को एसटीएफ एवं जनपदीय स्वाट टीम को सूचना प्राप्त हुयी कि थाना बहिलपुरवा अन्तर्गत माड़ो बांध के पास 1 लाख 50 हजार का इनामी डकैत गौरी यादव अपनी गैंग के सदस्यों के साथ पंचायत चुनाव को बाधित करने हेतु कोई रणनीति बना रहे है। इस सूचना पर एसटीएफ एवं जनपद की स्वाट टीम द्वारा संयुक्त दबिश दी गयी वहां मौजूद डकैतों को आत्मसमर्पण हेतु ललकारा गया परन्तु अभियुक्तों द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी गयी, पुलिस पार्टी द्वारा आड़ लेते हुए आत्मरक्षार्थ अभियुक्तों पर फायरिंग की गयी जिसमें 01 अभियुक्त को गोली लग गयी तथा गैंग के अन्य सदस्य जंगल का फायदा उठाकर भाग गये। घायल डकैत को इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। अभियुक्त की जामा तलाशी से प्राप्त पहचान पत्र से उसका नाम भालचंद्र यादव पुत्र रामअवतार यादव निवासी पड़वनिया थाना मझगवां जनपद सतना (मध्य प्रदेश) पता चला है । यह अभियुक्त जनपद चित्रकूट के थाना बहिलपुरवा के मु0अ0सं0 03/2021 धारा 332/3878/323/353/504 भादवि0 एवं 12/14 DAA एक्ट में वांछित था और ₹25000 का इनामिया अपराधी था। घटनास्थल से 315 बोर की लाइसेंसी राइफल, 21 जिंदा कारतूस और खाली खोखा कारतूस व एक मोटर साइकिल MP 19 MU 9643 बरामद हुआ।

पुलिस मुठभेड़ एवं अवैध शस्त्र बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहिलपुरवा में मु0अ0सं0 25/2021 धारा 147/148/149/504/307 भादवि0 व 12/14 डीएए एक्ट व 03/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

बरामदगीः-

315 बोर की लाइसेंसी राइफल
21 जिंदा कारतूस व खोखा कारतूस
एक मोटर साइकिल MP 19 MV 9643

मुठभेड़ एवं बरामदगी करने वाली टीमः-

टीम प्रथम (एसटीएफ टीम)

1. उ0नि0 श्री अमित कुमार तिवारी एसटीएफ
2. उ0नि0 श्री संतोष कुमार सिंह
3. मुख्य आरक्षी उमाशंकर
4. आरक्षी भूपेन्द्र सिंह
5. आरक्षी शिवानन्द शुक्ला

टीम द्वितीय(जनपदीय स्वाट टीम)

1. प्रभारी स्वाट टीम निरीक्षक श्री श्रवण कुमार सिंह
2. उ0नि0 श्री अनिल कुमार साहू
3. मुख्य आरक्षी रईस खान
4. आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार वर्मा
5. आरक्षी राहुल यादव

(2). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अंकित मित्तल के निर्देशन में इनामिया अपराधी एवं गैंग की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन क्लीन के क्रम में श्री रमेशचन्द्र प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी तथा उनकी टीम द्वारा गौरी गैंग का सदस्य लालचन्द्र यादव पुत्र रामऔतार निवासी पडवनिया जागीर थाना नयागांव सतना म0प्र को एक अदद तमंचा 315 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि कल दिनाँक 31.03.2021 को थाना बहिलपुरवा अन्तर्गत एसटीएफ एवं जमपदीय स्वाट टीम की गौरी गैंग के साथ पुलिस मुठभेड़ हुयी थी जिसमें 25000/- रुपये के इनामी अपराधी भालचन्द्र की मृत्यु हो गयी थी तथा गैंग के अन्य सदस्य जंगल का भायदा उठाकर भाग गये थे। भागे हुये अपराधियों की धरपकड़ हेतु लगातार टीमों द्वारा सर्च अभियान चलाया गया

जा रहा था। इसी अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी सर्चिंग कर रहे थे कि जमुनिहाई तिराहे के पास आज सुबह लगभग 05 बजे एक व्यक्ति आता दिखायी दिया जो पुलिस की गाडी की रोशनी से छिप रहा था जिसे एक बारगी दविश देकर घेरकर पकड़ लिया गयाष नाम पता पूछना पर उसने अपना नाम लालचन्द्र यादव पुत्र आमऔतार निवासी पडवनिया जागीर थाना नयागांव सतना म0प्र0 बताया। अभियुक्त की जामा तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा एक मोटर साइकिल MP 19 MV 9643 का रजिस्ट्रेशन व एक मोटरसाइकिल की चाबी बरामद हुयी। मोटरसाकिल के रजिस्ट्रेशन व चाबी सम्बन्ध में जानकारी कड़ी पूछताछ की गयी तो बताया कि कल माढों बांध के पास पुलिस से मुठभेड़ में मेरी मोटरसाइकिल मौके पर छूट गयी थी ये रजिस्ट्रेशन उसी मोटरसाइकिल का है व चाभी भी उसी मोटरसाइकिल की है।

अवैध शस्त्र बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना मारकुण्डी में मु0अ0सं0 15/2021 धारा 03/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किय गया।

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. श्री रमेशचन्द्र प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी
2. आरक्षी सुधीर लोधॉ
3. आरक्षी आरक्षी अंकित शुक्ला
4. आरक्षी भास्कर शुक्ला
5. आरक्षी प्रशांत कुमार

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में श्री गुलाब त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक मऊ के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री दिनेश कुमार पाण्डेय तथा उनके हमराही द्वारा सेसासुभकरा से अभियुक्त राजेश पटेल पुत्र अशर्फीलाल पटेल निवासी टिकरा थाना मऊ चित्रकूट को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

बरामदगीः-

10 लीटर कच्ची शराब

बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 श्री दिनेश कुमार पाण्डेय थाना मऊ
2. आरक्षी अंकित सचान
3. आरक्षी शिवम मिश्रा

(4). उ0प्र0 शासन द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में दिनांक 01.04.2021 को एण्टी रोमियों टीम महिला थाना द्वारा ट्राफिक चौराहा, कालूपुर में, एण्टी रोमियों टीम थाना मऊ द्वारा बाजार रोड, बस स्टैण्ड, शिवपुर तिराहा, बाबूलाल तिराहा में, महानमती प्राणनाथ विद्यालय कस्बा में, एंटी रोमियो टीम थाना मारकुंडी द्वारा ग्राम कस्बा मारकुंडी व रेलवे स्टेशन में, एंटी रोमियो टीम थाना बरगढ़ द्वारा रेलवे स्टेशन, राजकीय इंटर कॉलेज, चन्द्रेश इंटर कॉलेज व कस्बा बरगढ़ में, एंटी रोमियो टीम थाना मानिकपुर द्वारा आदर्श इंटर कॉलेज मानिकपुर में आगामी परीक्षा के दृष्टिगत रखते हुए अध्यापकों के साथ गोष्ठी की गई व रेलवे स्टेशन, कस्बा मानिकपुर बैंकों के आसपास , एंटी रोमियो टीम थाना पहाड़ी द्वारा पालेश्वर इंटर कॉलेज , बरेठी तिराहा , बस स्टेंड आदि जगहों में भ्रमण कर में कर छात्राओं/बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने थाना के सीयूजी नम्बर के बारें में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया साथ ही कोविड-19 के नियमों का पालन करने हेतु बताते हुये कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरुक किया गया। एण्टी रोमियों टीम की महिला आरक्षियों द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी गयी। एण्टी रोमियो टीम के सदस्यों द्वारा छात्राओं/बालिकाओं से उनके साथ घटित किसी भी प्रकार की समस्याओं के बारें में पूछा गया एवं आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना प्रभारी/एण्टी रोमियों टीम प्रभारी व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर काल करने हेतु कहा गया।